हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

सिर्री पठारीमुड़ा में उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के ... 12



देवदास बंजारे स्मृति पंथी राज्य अलंकरण पुरस्कार ... 12



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** पदमपुर रोड जोगनीपाली में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिसको श्याम कतवाल निवासी कसडोल थाना बलौदा ने बताया कि 5 नवंबर को उसका भाई संजय कतवाल पिता गांधी कतवाल (30 साल) का सामान खरीदने अपनी बाइक सीजी 06 जीजी 6623 से सरायपाली आया था। सामान खरीद कर वापस घर जा रहा था, जब वह बलौदिया ट्रेक्टर्स शो रूम व साहू ट्राली रिपेयर वर्कशाप के बीच पदमपुर रोड जोगनीपाली के पास पहुंचा था, तभी अज्ञात वाहन के द्वारा ठोकर मार देने से उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



### पांच किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** ग्राम रेहटीखोल में सिंघोड़ा पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 75 हजार रुपए का पांच किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार सात नवंबर को सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले कलर के बिना नंबर बाइक से एक युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद एनएच53 ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। जहां उक्त वाहन चालक के आने पर उससे पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम आरोपी निलेश वर्मा पिता संतोष वर्मा (19 साल) गनियारी थाना कोटा जिला बिलासपुर होना बताया। आरोपी के कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा कीमत 75 हजार रुपए, एक बाइक व नगद पांच हजार रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी)(।।)(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गांजा परिवहन मामले में युवक को सश्रम कारावास

**महासमुंद।** गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ख) के तहत ओडिशा के बलांगीर जिला अंतर्गत ग्राम सागुनभाड़ी निवासी 29 वर्षीय अभिमन्यु घीभेला पिता खानापुरी घीभेला को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 23 फरवरी 24 को खल्लारी थाना के टीम पेट्रोलिंग में थी। एमके बाहरा के पास एक सिल्वर कलर के बोलेरो वाहन को इंजन वाले हिस्से में धुंआ निकलता देखकर जानमाल हानि की अंदेशा में रोकने का प्रयास किया गया। किंतु चालक तेजी से चलाते भगा ले गया। पीछा करने पर वाहन चालक आगे जाकर पेडों रगड़ते हुए दीवार से जाकर टकराकर रूक गया। सामने इंजन वाले हिस्से में निकल रहे धुंआ से गांजा जैसी गंध आने पर साक्षियों की मौजूदगी में जांच की गई तो वाहन में 7 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जब्ती कार्रवाई और विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

# निजता का हनन करते शहर में उड़ रहे ड्रोन कैमरों पर कोई कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में बिना परमिशन ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। इससे लोगों की निजता भंग हो रही है और इस पर हैरानी यह है कि अब तक इस मामले को लेकर न तो प्रशासनिक जागरुकता सामने आई है और न ही कोई कार्रवाई। सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बटोरने की होड़ में, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जिले के विभिन्न हिस्सों में धड़ल्ले से बिना किसी आधिकारिक अनुमति के ड्रोन उड़ा रहे हैं।


यह लापरवाही न सिर्फ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ( डीजीसीए ) द्वारा निर्धारित सख्त नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों की प्राइवेसी पर भी एक बड़ा खतरा बन गई है। ड्रोन का उपयोग आकर्षक वीडियो और तस्वीरें बनाने के लिए किया जाता है, जो इन्फ्लुएंसर के कंटेंट को वायरल करने में मदद करते हैं।


हालांकि, ये इन्फ्लुएंसर अक्सर रिहायशी इलाकों, निजी संपत्तियों और यहां तक कि संवेदनशील क्षेत्रों के ऊपर भी ड्रोन उड़ा रहे हैं, जिससे लोगों की व्यक्तिगत, पारिवारिक और प्रशासनिक गोपनीयता का खुलेआम हनन हो रहा है। ड्रोन कैमरे घरों के अंदर, आंगन या छतों पर हो रही गतिविधियों को रिकॉर्ड कर लेते हैं, जिससे नागरिकों को यह महसूस होता है कि उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बिना अनुमति के उड़ाए जा रहे ये अनियंत्रित ड्रोन, सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजारों, पार्कों या धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर लाईक और सब्सक्राईबर बटोरने कर रहे नियमों की अनदेखी

### नियमों का हो रहा अनदेखी

ड्रोन उड़ाने के लिए डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण और विशिष्ट क्षेत्रों ग्रीन, येलो, रेड जोन के अनुसार अनुमति लेना अनिवार्य है। येलो और रेड जोन में तो परमिशन के बिना ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है, लेकिन जिले में इन नियमों की खुली अवहेलना हो रही है।





### कानून और जरूरी है अनुमति

नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) और डीजीसीए ने ड्रोन नियम, 2021 जारी किए हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र को सुरक्षित बनाना और ड्रोन के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करना है। जिले में इन्फ्लुएंसर अक्सर माइक्रो या स्मॉल कैटेगरी के ड्रोन इस्तेमाल करते हैं, जिसके लिए उन्हें डीजीसीए से रिमोट पायलट लाइसेंस और हर उड़ान से पहले जरूरी परमिशन लेनी होती है। नियमों का उल्लंघन करने पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

## समस्या : बिखरी गंदगी से खिलाड़ी और वॉकिंग करने वाले परेशान

# करोड़ों के सिंथेटिक ट्रैक पर गोबर, हेंडओवर होने से पहले ही हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाउसिंग बोर्ड द्वारा मुख्यालय के फॉरेस्ट ग्राउंड में करोड़ों की लागत से बना सिंथेटिक ट्रैक खेल विभाग को हैंड ओवर होने से पहले ही बदहाल स्थिति में है। रखरखाव और निगरानी के अभाव में आलम यह है कि ट्रैक पर यत्र-तत्र गोबर बिखरे नजर आ रहे हैं। अनाधिकृत प्रवेश करने वालों और शराबखोरी करने वालों के अलावा मवेशियों को यहां गंदगी फैलानी की खुली छूट है।

उल्लेखनीय है कि फॉरेस्ट ग्राउंड में हाउसिंग बोर्ड द्वारा खनिज न्यास और खेलो इंडिया स्कीम के तहत बनवाए गए तकरीबन साढ़े सात करोड़ की राशि खर्च कर 400 मीटर और 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की बदहाल स्थिति की सुध लेने अफसरों को फुर्सत नही है। जिस ट्रैक को जिले के धावकों और आम जनता के स्वास्थ्य व अभ्यास के उद्देश्य और बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराए जाने की सोच के साथ बनवाया गया, वह आज गंदगी और उपेक्षा का शिकार हो गया है। यह बहुप्रतीक्षित और महंगा ट्रैक वर्तमान में खिलाड़ियों और सुबह सैर करने वालों के लिए भारी मुसीबत का सबब बन गया है।

गंदगी का यह आलम है कि जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है, जो स्वच्छता के बुनियादी मानकों की खुली अवहेलना है। ट्रैक के बीच पड़े खाली स्थान में झाड़ियां उग गई है। जनता के पैसे का दुरुपयोग भाजपाई मंत्री सिखा रहे हैं और अफसर ऐसी लापरवाही करते हुए इस स्थिति को दिखा भी रहे हैं। ट्रैक के कई हिस्सों में मवेशियों के गोबर पड़े-पड़े सूख रहे हैं। यह न केवल ट्रैक को खराब कर रहा है। सिंथेटिक ट्रैक जैसे विशिष्ट खेल मैदान पर इस तरह की गंदगी उसकी उपयोगिता को पूरी तरह से समाप्त कर रही है।

इसके अलावा, ट्रैक के बीच में और किनारों पर चरोटा के पौधे उग आए है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि इसकी देख-रेख बिल्कुल नहीं की गई है। करोड़ों रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति राशि से बने इस महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का यह हाल, सरकारी धन के दुरुपयोग और अधिकारियों की घोर लापरवाही को उजागर करता है।



### जिम्मेदार कौन?, ट्रैक को लावारिस क्यों गया छोड़ा

ट्रैक के निर्माण का कार्य छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग द्वारा आकृति कंस्ट्रक्शन, रायपुर को सौंपा गया था। निर्माण कार्य की अवधि 9 माह निर्धारित थी। कार्य तो पूरा हो गया, लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ट्रैक के रखरखाव के लिए कौन सी एजेंसी जिम्मेदार है। इस बीच जानकारी मिली है कि इसे हैंड ओवर भी नही किया गया है। ऐसे में जिम्मेदार संस्थाओं के बीच तालमेल की कमी या स्पष्टता का अभाव दिख रहा है।

### खिलाड़ियों के स्वास्थ्य पर खतरा

सुबह ट्रैक पर दौड़ने और अभ्यास करने वाले धावकों, खिलाड़ियों और सैर करने वाले आम लोगों को इस गंदगी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिंथेटिक ट्रैक विशेष रूप से एथलेटिक्स अभ्यास के लिए तैयार किया जाता है।

# पूर्व सरपंच के कार्यकाल का भुगतान अटका

## 15 लाख रुपए के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा विकासखंड के ग्राम लक्ष्मीपुर में पूर्व सरपंच के कार्यकाल में कराए गए कार्यों के भुगतान को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। ग्राम की पूर्व सरपंच कुमारी भोई ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के 15 लाख रुपये के लंबित भुगतान को जारी कराने की मांग की है।

भोई ने सत्र 2021 से 3 मार्च 2025 तक लक्ष्मीपुर की सरपंच के रूप में कार्य किया था। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के अंतिम समय में पंचायत सचिव मुरलीधर साहू के स्थान पर महिला सचिव कुंती आवले को पदस्थ किया गया था। इस दौरान दोनों सचिवों के बीच प्रभार को लेकर विवाद की स्थिति बन गई थी, जिसके कारण पंचायत से होने वाला भुगतान रुक गया। इस विवाद के पूर्व ही पंचायत में विभिन्न मदों के कार्य पूर्ण हो चुके थे, लेकिन उनका भुगतान अटक गया था। इसी बीच पंचायत चुनाव हो गए और अंजू पटेल नई सरपंच निर्वाचित हुईं। पूर्व सरपंच भोई का आरोप है कि चुनाव के बाद, नई सचिव एवं वर्तमान सरपंच द्वारा उनके कार्यकाल में पंचायत के विभिन्न मदों से होने वाले भुगतान जानबूझकर रोक दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभार देते समय विभिन्न कार्यों के भुगतान हेतु 15 लाख रुपये की राशि पंचायत खाते में जमा थी, लेकिन अब उस राशि के भुगतान में आनाकानी की जा रही है। पूर्व सरपंच ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्हें भुगतान करना है, वे लोग अब उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया है कि उनके कार्यकाल में कराये गये कार्यों का भुगतान पंचायत द्वारा तत्काल करने के आदेश जारी किए जाएं ताकि ग्रामीण विकास के ये कार्य पूर्णता तक पहुंच सकें और संबंधित लोगों को उनका हक मिल सके।



## राज्योत्सव के बाद मिनी स्टेडियम में बिखरा कचरा



**महासमुंद।** शहर का मिनी स्टेडियम...चाहे निजी आयोजन हो या सरकारी। आयोजन के बाद पीछे गंदगी छोड़ देने के दस्तूर के चलते यहां रोजाना पहुंचने वाले और खेलने वाले खिलाड़ी परेशान हैं। देर शाम यहां पर जुटने वाले खिलाड़ियों ने हाल ही में हुए राज्योत्सव के पश्चात यहां फैले कचरे के संदर्भ में मिडियाकर्मियों का ध्यानाकर्षण कराया। जिसके माध्यम से यहां सफाई की मांग की गई है।

# धान खरीदी पर संकट, सहकारी समिति कर्मचारियों एवं ऑपरेटर की अनिश्चितकालीन हड़ताल 5वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सहकारी समिति कर्मचारियों एवं ऑपरेटर की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण धान खरीदी की तैयारियों पर गहरा संकट मंडरा रहा है। राज्य शासन की ओर से 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू करने की घोषणा की गई है, लेकिन 3 नवंबर से शुरू हुई इस हड़ताल ने जिले के उपार्जन केंद्रों पर ताले लगवा दिए हैं। अपनी चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर समिति के प्रबंधक और ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। संभाग स्तरीय इस आंदोलन में शामिल कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा है। हड़ताल के कारण पिछले पांच दिनों से धान खरीदी से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्य पूरी तरह से ठप हो चुके हैं। जिले में किसानों का पंजीयन सत्यापन, बारदाने की व्यवस्था, परिवहन अनुबंध, उपार्जन केंद्रों की साफ-सफाई जैसे आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपार्जन केंद्रों पर ताले लटके हुए हैं, जिससे किसानों को खरीदी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने में भी मुश्किल हो रही है। यदि हड़ताल जल्द खत्म नहीं होती है, तो 17 नवंबर से धान खरीदी शुरू होना लगभग असंभव होगा। वहीं धान खरीदी ऑपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 5 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे खरीदी केंद्रों पर कामकाज ठप है, जिससे धान खरीदी में बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। धान खरीदी में विलंब का सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ना तय है। धान ही किसानों की मुख्य आय का स्त्रोत होता है, और इसकी बिक्री में देरी होने से उनकी कर्ज चुकाने और अगली फसल की तैयारी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे किसान अब चिंतित हैं। उन्हें डर है कि यदि समय पर धान नहीं बिका तो उन्हें अपनी उपज को औने-पौने दामों पर खुले बाजार में बेचना पड़ सकता है, जिससे उन्हें समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पाएगा। प्रबंधकीय अनुदान राशि, मध्य प्रदेश की तर्ज़ पर 3 लाख प्रति समिति प्रति वर्ष मिले। पुनरीक्षित वेतनमान, सेवानियम 2018 में संशोधन कर लागू हो। सुखत एवं नुकसान की भरपाई, धान खरीदी में हुई संपूर्ण शॉर्टेज, सूखत मान्य हो।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम का किया सामूहिक गायन

# राष्ट्र गौरव और जनभागीदारी उत्सव की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पूरे

- पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम का किया गया सामूहिक गायन

देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पहले चरण में शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। विधायक सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ एक स्मरणीय अवसर के साथ राष्ट्र की एकता, आत्मगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण का जीवंत संदेश है। एक कविता से राष्ट्रीय गीत बनने की वंदे मातरम की यात्रा कभी न भूलने वाली है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि वंदे मातरम के रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी 19वीं सदी के बंगाल की सबसे मशहूर साहित्यकार रहे। उपन्यास, कविता और निबंधों के जरिये बंगाली साहित्य के साथ उन्होंने राष्ट्रवाद की ऐसी अलख जगाई जो धीरे-धीरे सूरज की रोशनी की तरह फैलती गई। इस अवसर पर जिपं सदस्य रामदुलारी सिन्हा, जगमोती भोई, नैन पटेल, आनंद साहू, रमेश साहू, राजू चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, महेंद्र सिक्का, शरद मराठा मौजूद रहे। संचालन डीएमसी रेखराज शर्मा द्वारा किया गया।




### चार चरणों में होगा वर्षभर आयोजन

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। जिसमें प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में वंदे मातरम का किया गया गायन

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम का गायन किया गया। इसकी रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1874 को अक्षय नवमी पर की थी। यह अमर गीत न केवल भारतीय स्वाधीनता संग्राम का मुख्य उद्घोष बना बल्कि आज देश का राष्ट्रगीत भी है। कार्यक्रम में आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, वरिष्ठ आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, बलराम सेन, वरिष्ठ आचार्य मनोज साहू, दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, किरण सोनी, निशा गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, उत्तरा सिन्हा, अर्चना साव, साक्षी घोड़ीचोरे, तनुजा साहू, अजीत राम साहू, अश्वनी साहू, खोजेंद्र कुमार साहू, हेमंत कुमार साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजीलाल पटेल आदि मौजूद रहे।

### भुरकोनी में 1265 बोरी अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर प्रशासनिक निगरानी के बीच तहसील पिथौरा अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में अवैध भंडारण की सूचना पर कार्रवाई करते हुए हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा बजरंग अग्रवाल, नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा दिनेश अग्रवाल के घर पर औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान लगभग 3000 बोरी धान भंडारित पाया गया। पूछताछ में दिनेश अग्रवाल द्वारा 1735 बोरी धान के संबंध में कृषि उपज मंडी का सौदा पत्रक प्रस्तुत किया गया, किन्तु शेष 1265 बोरी धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार राजस्व विभाग की टीम द्वारा नियमानुसार 1265 बोरी धान को जब्त कर मंडी सचिव को मंडी अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप



### सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में गाया वंदे मातरम

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में नर्सिंग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा "वंदे मातरम" राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ गीत के ऐतिहासिक महत्व को स्मरण किया।



### आंवला पूजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर परिसर कोडारबांध में कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर को आंवला पूजन पर्व पर काफी संख्या में श्रदालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा सुबह 10 बजे शुरु हुई। दोपहर 12 बजे से आंवला भात प्रसादी वितरण शुरु हुआ, जो लगभग शाम बजे तक निरंतर चलता रहा। लगभग 15 हजार श्रद्धालु आंवला भात प्रसादी ग्रहण किये। पूरा आयोजन मेला जैसा लगा। अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने बताया कि यह आयोजन विगत 20-21 वर्षों से निरंतर जन सहयोग से होते आ रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस वर्ष गौ माता की पूजा के साथ गौपाष्टमी मनायी गयी। समाज सेवी श्रद्धालुओं में डॉ. रश्मि विजय चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मीना सुनील शर्मा, मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार चंद्राकर, डॉ. लेखराम चंद्राकर, डॉ. रामगोपाल यादव, डॉ. युगल चंद्राकर, नवीन चंद्राकर, रामनिवास चंद्राकर बिरकोनी, शैलेंद्र चंद्राकर बेलसोंडा शामिल हुए। निखिल मनोजकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद व बलरामकांत साहू अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव ने सेवा भाव से प्रसादी वितरण कार्य में सहयोग किया। पूजा अनुष्ठान मंदिर के पुजारी हरीश दुबे ने विधि विधानपूर्वक किया। प्रचार सचिव बंधु राजेश्वर ने खरे ने कोडार वाली जय मां खल्लारी की ऐतिहासिक जानकारी दी।

### डूबने से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम किरगोली के तीन वर्षीय बच्ची तालाब में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तीन वर्षीय नित्या उसेंडी 5 नवंबर को तालाब के पानी में डूब गई। इलाज के लिए कांकेर के अस्पताल में लाया गया था।

## प्रशिक्षण: राजनीतिक दलों एवं बूथ लेवल एजेंट का हुआ प्रशिक्षण

# बूथ लेवल अधिकारी घर-घर दो प्रतियों में देंगे गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार निर्वाचन नामावलियां के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश तथा उप जिला निवार्चन अधिकारी सचिन भूतड़ा के मार्गदर्शन में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों तथा बूथ लेबल एजेंटो का वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने पावर पॉईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम भारतीय संविधान की धारा 324 एवं 326, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 में दिए गए प्रावधानों के अधीन किया जा रहा है। अब से पहले पूरे भारत में आठ बार



एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है। छत्तीगढ़ में यह पिछली बार 2003 में हुआ था। इस वर्ष 04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक बूथ लेबल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर ऐसे समस्त मतदाताओं जिनका नाम 2025 के निर्वाचक नामावली में हैं, उनका दो प्रतियों में गणना प्रपत्र वितरित किया जाएगा।

संबंधित मतदाता या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य के द्वारा इन गणना प्रपत्रों को भरकर बीएलओ को वापस किया जाएगा। जिसमें से एक प्रति बीएलओ द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया जाएगा तथा दूसरी प्रति को पावती के रूप में संबंधित मतदाता को वापस कर दिया जाएगा। इस प्रकार प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों के आधार पर निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी। जिसका प्रारंभिक प्रकाशन 09 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। पश्चात 9 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे और दावा आपत्तियों का निराकरण कर 07 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया एसआईआर का उद्देश्य निर्वाचक नामावली को शुद्ध करना है अर्थात निर्वाचक सूची में कोई भी योग्य नागरिक का नाम छूटने न पाए तथा अयोग्य व्यक्ति का नाम जुड़े नहीं। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक आरके बारले, सहायक प्रोग्रामर नागेश साहू उपस्थित थे।

# तुमगांव ग्राम कमेटी का गठन शुभम अध्यक्ष व किशोर सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव के डोम शेड मीना बाजार परिसर में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज अठगवा परिक्षेत्र तुमगांव ब्लाक महासमुंद की बैठक परिक्षेत्र अध्यक्ष वेदराम गिलहरे की उपस्थिति में हुई। बैठक का विधिवत शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास के चरण पादुका व सतखाम पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक में अध्यक्षता के आसंदी पर जिला अध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे व अतिथियों में उपाध्यक्ष खोसिल गेंड्रे, ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती, ब्लाक सचिव गणेश टंडन, शिक्षा प्रकोष्ट फनेंद्र बंजारे उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में सर्वप्रथम बेदराम गिलहरे ने प्रतिवेदन का वाचन किया। गणेश टंडन ब्लाक सचिव ने ब्लाक महासमुंद की ओर प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए ग्राम कमेटी गठन करने समाजजनों को आमन्त्रित किया। ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती द्वारा पाघर प्रथा को बंद कर एकजुट रहने की बात कही। जिला उपाध्यक्ष खोसिल गेंड्रे ने विस्तारपूर्वक सभा में विचार रखा। गोवर्धन खूंटे परिक्षेत्र सचिव ने कार्रवाई अग्रेषित करते हुए उपस्थित सदन की अनुमति से मनोनयन की प्रक्रिया प्रारंभ किया। जिसमें सर्व सम्मति शुभम टंडन को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भोलाराम गहरवाल, हरविंदर खूंटे, शैलेश



टंडन, गिरधर जांगड़े, सचिंव किशोर लहरे, सहसचिव मुकेश रात्रे, कोषाध्यक्ष चोवाराम कोसले, प्रवक्ता बेदराम गिलहरे, भंडारी संतराम मन्नाडे, सेवादार राकेश बघेल, सलाहकार मनहरण टंडन, मीडिया प्रभारी अजय मालवीय व कार्यकारिणी सदस्य- राजेश बांधे, सुनील खूंटे, तेजकुमार पुरैना, हेमंत सोनवानी, विनोद टंडन, सोनू गहरवाल, लाला लहरे, चरण टंडन, भोला जांगड़े, होरीलाल, जगन्नाथ सोनवानी, राजकुमार गहरवाल, संजू बांधे, कार्यकारिणी सदस्य व महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष विमला बांधे, उपाध्यक्ष मंजु सोनवानी, सचिव भारती टंडन, प्रवक्ता कोमल मूर्ती, मीडिया प्रभारी प्रतिभा डहरिया, सलाहकार हीराबाई गिलहरे व कार्यकारिणी में राधाबाई पुरैना, मोंगरा खूंटे, पार्वती मन्नाडे, भूरी टंडन, शांति बाई, निर्मला, दिशा बाई, प्रेमीनबाई जमुना बाई, साधना कोसले, उषा बाई, मीणा सोनवानी मनोनयित हुए।

बैठक को जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने संगठन के बायलॉज व प्रदेश से लेकर ग्राम कमेटी के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक समझाया। संचालन गोवर्धन खूंटे व गणेश टंडन ब्लाक सचिव महासमुंद ने किया। आभार प्रदर्शन किशोर लहरे सचिव ग्राम कमेटी तुमगांव ने किया। बैठक में लक्ष्न कोसरे, डिगेश्वर सत्यम, लोकनाथ कुर्रे उपाध्यक्ष, नंदकुमार भास्कर, मनोज, चम्मन मार्कंडेय, गोवर्धन खूंटे, शैलेष कुर्रे आदि मौजूद रहे।

# शहर में अवैध प्रवासियों का हो वेरिफिकेशन : रमेश

## एसआईआर जांच से अवैध प्रवासियों का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पिटियाझर सोसायटी के अध्यक्ष रमेश साहू ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का एक बेहतर कदम है, जिससे मतदाता सूची में पारदर्शिता आएगी। पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले व महासमुंद शहर में बाहरी लोगों का अवैध घुसपैठ का इस कार्य से खुलासा होगा।

भाजपा नेता साहू ने कहा कि जिन अवैध प्रवासियों ने जिले की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है, उन्हें चिन्हित किया जाना चाहिए। जिन लोगों ने फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्रों के जरिये खुद का नाम मतदाता सूची में शामिल कराए हैं, उनके नामों को सूची से हटाया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि पूरे जिले सहित महासमुंद शहर में क्राइम रेट दिनों दिन बढ़ती जा रही है। आए दिन चोरियां, चाकूबाजी, मारपीट, गुंडागर्दी जैसी वारदातें शहर में सामने आ रही है। यह सब बाहरी लोगों के आमद के बाद ही बढ़ी है। महासमुंद जैसे शांतिप्रिय शहर में बाहरी लोगों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। शहर के नयापारा स्थित अटल आवास, सुभाष नगर,



छिपिया पारा, लालदाढ़ीपारा जैसे इलाकों में बाहरी लोग आकर बसे हुए हैं। रमेश ने कहा कि नयापारा के अटल आवास पूरी तरह बाहरी लोगों के कब्जे में आ गया है। शाम ढलते ही रात 9 बजे के बाद सोरिद रोड व दलदली रोड में लूटमार, राहगीरों से मारपीट व छीनाझपटी की घटनाएं सामने आ रही है। यह सब इन्हीं बाहरी लोगों का कृत्य है। ये सभी अपना सुरक्षित ठिकाना के रूप में अटल आवास को चिन्हित कर चुके हैं। अटल आवास में विविध प्रकार के नशीले सामाग्रियों की बिक्री, अवैध कारोबार का संचालन हो रहा है। शराब की अवैध बिक्री, ओड़िश ब्रांड शराब की पाउच, गांजा, सहित नशीले टेबलेट, इंजेक्शन की बिक्री यहां हो रही है। इस दिशा में ना ही नगर पालिका और ना ही पुलिस प्रशासन वेरिफिकेशन कर रहे हैं। यदि तत्काल अटल आवास में निवासरत लोगों की वेरिफिकेशन किया जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। शहर में अपराधिक घटनाओं में वृद्धि के बाद भी पुलिस की सुस्ति समझ से परे हैं। ऐसे संसेटिव इलाकों की जांच आखिर पुलिस क्यों नहीं कर रही, पुलिस को किसका दबाव है, किसके कहने पर पुलिस खामोश बैठे हैं, एक गंभीर पहलू है। पुलिस की यह चुप्पी शहर में बड़े अपराधों को निमंत्रण दे रहा है। रमेश ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार है। सरकार अपराध नियंत्रण, अवैध कार्यों में विराम लगाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, प्रशासनिक सहयोग के अभाव में सरकार के मंशा पर पानी फिर रहा है। एसआईआर जांच से बाहरी लोगों की पहचान के साथ ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि शहर में कितने लोग अवैध रूप से आकर बसे हैं।

# लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा की सातवीं पुण्यतिथि कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गीतकार एवं लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा के सातवीं पुण्य स्मृति में काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान द्वारा 9 नवंबर रविवार को अपराह्न 12 बजे काव्यांश के संगीतकार बीआर साहू के मार्गदर्शन में हमारे लोक गायकों द्वारा लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीतों की संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी। लक्ष्मण मस्तुरिहा के कालजयी रचनाओं में मोर संग चलव, बखरी के तुमा नार बरोबर, वाह रे मोर पंड़की मैना, कांटा खूंटी के बोवइया, चिटिक अंजोरी निरमल छंइहा, चौरामा गोंदा रसिया मोर बारी मं पताल, पता लेजा रे पता देजा रे गाड़ी वाला, काबर समाये रे मोर बैरी नैना मं जैसे कर्ण प्रिय सुनने को मिलेंगे। कार्यक्रम में मुख्य गायक स्वर में सुरेंद्र मानिकपुरी, विश्राम यादव, गणेश साहू होंगे। जबकि, महिला स्वरों में दिनेश्वरी नंद, रिया गोलछा, पुष्प लता भार्गव, स्वाति जगत, दुर्गा साहू, रश्मि मानिकपुरी, ललिता ठाकुर, ओमिन यादव, अंजुम सोनछत्र की आवाज में सुनने को मिलेगा। वाद्य पक्ष के कलाकारों में बीआर साहू, सेवक राम यादव, प्रभात देवांगन, किसन लाल देवदास, नाना साहेब मानिकपुरी, याददास मानिकपुरी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने महासमुंद नगर के संगीत प्रेमियों से श्रध्दांजलि कार्यक्रम में स्वाध्याय केंद्र महासमुंद में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। उपरोक्त जानकारी काव्यांश के कोषाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल ने दी है।



### बम्हनी स्कूल प्रांगण में हुआ गोपाष्टमी कार्यक्रम

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद ग्रामीण प्रखंड महासमुंद द्वारा हॉयर सेकेंड्री स्कूल बम्हनी के प्रांगण गोपाष्टमी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया गया। बाद गौ माता के विषय पर एक संगोष्ठी हुई। जिसमें विहिप के कार्यकर्ता, स्कूल के प्राचार्य, अध्यापक, सरपंच, पंच एवं स्कूली बच्चों ने अपने अपने विचार रखें। यहां छात्रों एवं उपस्थित सदस्यों ने गौ पालन, गौ सेवा, गौ रक्षा एवं गौ माता के संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में विहिप जिला सेवा प्रमुख रामेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष खिलावन यादव, ग्राम बम्हनी के सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष गणेशु महिलांग, शाला विकास समिति अध्यक्ष पुराणिक साहू, सुरेंद्र साहू, संस्था के प्राचार्य कागजी, पंचगण मनीष यादव, गुना, राम पाल, भानू निषाद, परमानंद यादव, ज्योति यादव आदि मौजूद रहे।

# स्वामी आत्मानंद नयापारा में किया गया वंदे मातरम गीत का गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में वंदेमातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम गीत गायन का आयोजन संस्था के प्राचार्य एवं गाइड कमिश्नर अमी रूफस के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग जिला संघ के अध्यक्ष येतराम साहू एवं अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, डीएमसी रेखराज शर्मा थे। अतिथियों का स्वागत स्कार्फ लगाकर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ समस्त अतिथियों, स्टाफ




के समस्त सदस्यों, शिक्षकों के द्वारा वंदेमातरम गीत का गायन किया गया।

स्वागत भाषण करते हुए प्राचार्य अमी रूफस ने वंदेमातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में येतराम साहू ने कहा कि 1875 में महान देशभक्त बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने उपन्यास आनंदमठ में वन्देमातरम गीत की रचना की थी। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्तों में जोश, साहस और एकता की भावना जगाता रहा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वंदे मातरम गीत की महत्ता बताई। कार्यक्रम का संचालन डा. शशबीर कौर संधु एवं राज्यपाल से पुरस्कृत व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

इस अवसर पर संस्था जीआर टांडेकर, शिवा कोटेश्वरम्मा मेकला, विकास यादव, मितेश, शर्मा, नेहा सिंह, ध्रुति श्रीवास्तव, अंशुमाला बारिक, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, पूर्णिमा चंद्राकर, राधिका शर्मा, ऋतुराज देवांगन, अंजू चंद्राकर, मदन कौशिक, रवि ठाकुर शनि ठाकुर, बिंदेश्वरी जोशी, मोहन कन्नौजे, प्रकाश साहू, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्काउट गाइड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नपा पेंशनर्स संघ ने कहा: डबल इंजन वाली सरकार से बढ़िया थी सिंगल इंजन सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कर्मचारियों के वेतन व पेंशन भुगतान में बेवजगह विलंब

नगर पालिका पेंशनर्स संघ महासमुंद की आपात बैठक 05 नवंबर को हुई। जहां पालिका कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन भुगतान में होने वाली विलय के लिए डबल इंजन सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सिंगल इंजन सरकार के रहते पंशनरों को प्रतिमाह पहली तारीख को पेंशन भुगतान हो जाया करता था। किंतु, डबल इंजन सरकार के सत्तासीन होने और उनका हॉर्स पावर बढ़ जाने के बाद भी प्रदेश में जनहित के कार्य एवं विविध कल्याणकारियों में निश्वय ही गति आई है। किंतु, नगरीय निकाय के कर्मचारी एवं पेंशनर्स इस सरकार से त्रस्त व दुखी है। पिछले 21 माह से नगरी निकाय के कर्मचारियों को कभी समय पर वेतन एव पेंशन नहीं मिल रहा है। नगर के हितजनहित कार्यों के संपादन में अपना जीवन समर्पित कर देने वाले निकाय कर्मचारी एवं पेंशनर्स सरकार की उपेक्षापूर्ण रवैया से अत्यंत व्यथित एवं दुखी है। इस संबंध में पत्र व्यवहार करने के बाद भी डबल इंजन की सरकार की कुंभकर्णी नींद भंग नहीं हो रही है। अनेक बार निकाय कर्मचारियों द्वारा अपनी जायज मांगों की प्राप्ति के लिए आंदोलन किया जाता रहा है। फिर भी इस सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगी। डबल इंजन सरकार बनने के बाद इनका हॉर्स पावर दोगुना ही गया है। फिर निकाय कर्मचारी/पेंशन के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार क्यों? मुसलमान के मुख्य त्योहार ईद, हिंदुओं के प्रमुख त्योहार दीवाली और देव दीपावली, सिक्खों के पवित्र त्यौहार गुरु नानक जयंती निकाय कर्मचारी/पेंशनर्स के लिए मायूसी भरा रहा। मध्य प्रदेश के डबल इंजन सरकार में ऐसी स्थिति नहीं है, वहां पर प्रतिमाह नियमित रूप से निकाय कर्मचारी पेंशनरों को वेतन/पेंशन का भुगतान हो जाता है। स्मरणीय है कि जब से छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार सत्तासीन हुई है तभी से निकाय कर्मचारी पेंशनरों को आर्थिक तगी झेलना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती सरकार को लेकर बताया गया कि 21 माह पूर्व निकाय कर्मचारी/पेंशनर पैसों के लिए कभी मोहताज नहीं हुए।

### सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति पर जताई नाराजगी

संघ की बैठक में डबल इंजन सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र प्रेषित कर उपेक्षापूर्ण नीति का परित्याग कर सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास पार्टी उद्देश्यकाल पूर्ववर्ती सरकार के अनुरूप पहली तारीख का वेतन/पेंशन भुगतान कर नगर पालिका अधिनियम की धारा 86 के नियम 24 के अनुसार संविधान की मर्यादा एवं रक्षा तथा निकाय कर्मचारी/पेशनरों के हितार्थ वांछित आदेश प्रसारित करने का निवेदन मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री तथा प्रधानमंत्री की पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त जानकारी नगर पालिका पेंशनर संघ महासमुंद के सचिव रामकुमार लोधी ने दी है।

### लोकसभा स्तरीय मैराथन अब 13 नवंबर को सिरपुर में

**महासमुंद।** लोकसभा महासमुंद स्तर पर आयोजित "स्वदेशी मैराथन" का आयोजन आगामी गुरुवार 13 नवंबर 2025 को सिरपुर, महासमुंद में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। पूर्व में यह आयोजन 9 नवंबर को होना था, जो अब 13 नवंबर को होगा। इस मैराथन में लोकसभा महासमुंद अंतर्गत आने वाले धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिलों के महिला एवं पुरुष धावक भाग लेंगे। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने जानकारी दी है कि प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार की आयु सीमा नहीं होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक धावकों के लिए पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। पुरुष एवं महिला वर्ग हेतु पुरस्कार राशि प्रथम स्थान पर 25,000 रुपए, द्वितीय स्थान पर 20,000, तृतीय स्थान पर 15,000, चतुर्थ स्थान पर 10,000, पांचवां स्थान पर 7,500 एवं छठवां से दसवां स्थान 5,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रत्येक विजेता को प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार राशि विजेताओं को चेक के माध्यम से प्रदाय की जाएगी। मैराथन में केवल वे प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे, जो लोकसभा महासमुंद क्षेत्र के निवासी, अध्ययनरत या कार्यरत हैं अथवा जिनका वर्तमान निवास इसी क्षेत्र में है। लोकसभा क्षेत्र के बाहर से आने वाले प्रतिभागी पाए जाने पर पुरस्कार की पात्रता प्राप्त नहीं होगी।



### नगर में भागवत ज्ञान यज्ञ के अवसर पर निकली शोभायात्रा

**महासमुंद।** नगर में स्व. रामकुमार गुप्ता, स्व. अविनाश गुप्ता व स्व. रविकांत गुप्ता की पुण्य स्मृति में शुक्रवार से 14 नवंबर तक भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू हुआ हैं। वृंदावन के वैष्णवाचार्य सुरेंद्र दास कथा कहेंगे। गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा से पहले नगर में शोभायात्रा का आयोजन हुआ। कलश धारण किए महिला और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे भक्तिमय वातावरण बन गया।

# देवरी स्कूल में हुआ राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। योगेश्वरी साहू कक्षा बारहवीं ने बताया कि तंबाखू के लगातार सेवन से कैंसर बीमारी हो सकती है। पूजा साहू ने बताया कि धूम्रपान से कैंसर पनप सकता है। केयूरभूषण कक्षा नवमी ने बताया कि शराब के सेवन से लीवर का कैंसर होने का खतरा रहता है। समय रहते उपचार नहीं करवाया तो इंसान



की मौत हो सकती है। प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा कैंसर को बढ़ावा देता है। समाज में किसी भी व्यक्ति को नशा नहीं करना चाहिए। इससे पहले वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत के 150वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन प्रार्थना सभा में किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि वंदेमातरम के रचयिता बंकिम चंद चट्टोपाध्याय है और इसे 65 सेकंड में गाया जाता है। कार्यक्रम को व्याख्याता भोज राम ध्रुव, आनन्द राम व्यौहार ने संबोधित किया। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई, 4 पनडुब्बियां जब्त

**महासमुंद।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार इसी क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को ग्राम बड़गांव स्थित महानदी रेत घाट में की गई कार्रवाई के दौरान नियम विरुद्ध रेत निकासी में प्रयुक्त चार पनडुब्बियां (नौकाएँ) मौके पर जब्त की गईं। अवैध रेत उत्खनन में लिप्त खदान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मुकेश ने मनाया जन्मदिन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी संवाददाता मुकेश चंद्राकर ने अपने जन्मदिन पर शहीद स्मारक खरोरा में सफाई अभियान चलाया और पौधों में पानी दिया। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि सही तरीका से पौधा में पानी डालने से पौधे को कितना पानी देना चाहिए। पौधे को जल्दी बड़ा करने के लिए पूरे 90 दिन तक पानी डाले और पौधे को जल्दी बड़ा करने के लिए सही मिट्टी, धूप और पानी दें, और समय-समय पर नाइट्रोजन युक्त खाद जैसे गोबर की खाद या जैविक उर्वरक का उपयोग करें पौधों के बीच सही दूरी रखें। कीट व बीमारियों से बचाव करें।



### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से तुषार ने की मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से भाजपा के सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू सौजन्य मुलाकात किया। और प्रदेश के अन्य विषय पर चर्चा की।

### लाफिनखुर्द स्कूल में वंदे मातरम का हुआ गायन

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल लाफिनखुर्द में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम हुआ। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सभी सुनाया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया गया। पश्चात शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शाला विकास, तिमाही परीक्षा परिणाम की समीक्षा, शैक्षणिक भ्रमण तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसी तरह पालक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों के परिणामों पर चर्चा की गई तथा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। सभी पालकों से बच्चों को नियमित रूप से अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू, सदस्य भीखम साहू, नामदेव साहू, लोमश साहू, तोष कुमार साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, नंदनी, प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, विनीता अंजलि दीवान आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल जनगणना की तैयारी शुरू, झलप में हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

भारत की जनगणना 2027 को ऐतिहासिक और तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप में आयोजित तीन दिवसीय पूर्व परीक्षण (प्री टेस्ट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 05 नवंबर से 07 नवंबर तक चला, जिसमें 39 प्रगणक और 7 सुपरवाइजर को डिजिटल जनगणना की समग्र प्रक्रिया, तकनीकी उपकरणों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

### प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु

पहले दिन प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल जनगणना का परिचय, चार्ज अधिकारी द्वारा एचएलबी सीमा निर्धारण, डीएलएम ऐप के माध्यम से ले-आउट मानचित्र तैयार करने की विधि, जनगणना के कानूनी पहलू, तथा प्रगणक और सुपरवाइजर की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। दूसरे दिन मकान सूचीकरण एवं मकान गणना, एचएलओ मोबाइल ऐप का प्रदर्शन, तथा डेटा संग्रहण की व्यावहारिक प्रक्रिया सिखाई गई। तीसरे और अंतिम दिवस में स्व-गणना प्रक्रिया, एचएलओ प्रश्नावली का व्यावहारिक अभ्यास, पर्यवेक्षण ऐप का उपयोग, तथा मोबाइल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का समाधान बताया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत झलप के एक जनगणना ब्लॉक का मैदानी अवलोकन (फील्ड प्रेक्टिकल) भी कराया गया, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक अनुभव प्राप्त हुआ।



### जनगणना 2027 होगी पूरी तरह डिजिटल

भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा जब जनगणना पूर्णतः डिजिटल रूप में की जाएगी। इस बार जानकारी संकलन के लिए दो विशेष मोबाइल एप्लीकेशन 'जनगणना 2027–एचएलओ' एवं 'जनगणना 2027–डीएलएम' का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही पहली बार "स्व-गणना प्रणाली" भी लागू की जा रही है। जिसके तहत नागरिक स्वयं वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह प्रणाली विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए उपयोगी होगी जो कार्य, व्यवसाय या पेशेवर कारणों से दिनभर घर से बाहर रहते हैं।

### अधिकारियों की उपस्थिति और मार्गदर्शन

प्रशिक्षण के पहले दिन जनगणना निदेशक आईएएस कार्तिकेय गोयल, कलेक्टर महासमुन्द विनय कुमार लंगेह, एसडीएम अक्षा गुप्ता, तथा चार्ज जनगणना अधिकारी तहसीलदार जुगल किशोर पटेल उपस्थित रहे। दूसरे दिन जिला जनगणना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर प्रशिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जॉइंट डायरेक्टर जनगणना अशोक मिश्रा, संतोष मेंढे और बैद्यनाथ ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। समापन अवसर पर चार्ज जनगणना अधिकारी जुगल किशोर पटेल ने सभी प्रतिभागियों को बारीकी और सटीकता से कार्य करने की सलाह दी।

आगामी कार्यवाही में महासमुन्द विकासखंड के 24 ग्रामों को पूर्व परीक्षण के लिए चयनित किया गया है। यह कार्य 10 नवंबर से प्रारंभ होगा, जिसमें झलप में प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से जानकारी एकत्र करेंगे। जिला प्रशासन महासमुंद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भाग लें और प्रगणकों को सटीक एवं सत्य जानकारी प्रदान करें। पूर्व परीक्षण के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम स्तर पर मुनादी एवं सूचना अभियान की भी तैयारी की गई है। प्रशिक्षण के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी संकुल समन्वयक झलप सतीश तिवारी ने कुशलतापूर्वक निभाई। प्रशिक्षण के सभी सत्र गंभीरता, अनुशासन और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए।

## प्रकाश पर्व : धूमधाम से मनाया गया गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व

# नगर कीर्तन में पंजाब से आई गतका टीम के साहसिक करतबों ने जीता सबका दिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नगर में गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अखंड पाठ के भोग और कीर्तन-अरदास से हुई, जो दोपहर 1 बजे तक चला। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर आयोजित किया गया।

शाम लगभग साढ़े चार बजे से पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ। नगर कीर्तन में सिख समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे नगर में श्रद्धा और भाईचारे का अद्भुत माहौल दिखाई दिया। गुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप सजे हुए आकर्षक वाहन में रखा गया था, जिसके आगे पंज प्यारे और निशान साहिब चल रहे थे। रास्ते भर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा आतिशबाजी, जलपान और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। नगर कीर्तन के दौरान पूरा नगर गुरुबाणी और भक्ति संगीत से गूंजायमान रहा।

### अध्यक्ष ने किया स्वागत

नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद ने नगर कीर्तन के मार्ग में पंज प्यारों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी सहित सभी पार्षद मौजूद रहे।

### गतका बना आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा गतका प्रदर्शन, जिसमें सिख समाज के बच्चों ने अपने साहसिक करतबों से लोगों का दिल जीत लिया। स्थानीय गतका प्रशिक्षक हरप्रीत कौर के निर्देशन में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा पंजाब से आई विशेष गतका टीम ने रोमांचक और अद्भुत शौर्य प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भीड़ ने उनके प्रदर्शन पर खूब तालियां बजाईं।

## सेजेस में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में पीएमश्री सेजेस बसना में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ अत्यंत हर्ष और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पुरोहित द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन से किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ वंदे मातरम का गायन किया। गायन के समय वातावरण देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

प्राचार्य पुरोहित ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 में अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ में की थी। बाद में यदुनाथ भट्टाचार्य ने इसे संगीतबद्ध कर इसे और अधिक भावपूर्ण बना दिया। उन्होंने आगे कहा कि वंदे मातरम गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों भारतीयों के हृदय में देशप्रेम की ज्वाला प्रज्ज्वलित की थी। यह गीत भारत के वीर सपूतों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम पर सुंदर समूहगान, भाषण, देशभक्ति कविता पाठ एवं पोस्टर प्रस्तुति जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके अर्थ और देश के प्रति इसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा



करते हुए कहा कि इस गीत ने हमें एकता, समर्पण और मातृभूमि के प्रति प्रेम का सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे सदैव अपने देश और संस्कृति पर गर्व करें तथा वंदे मातरम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाकर समारोह का समापन किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में "वंदे मातरम! भारत माता की जय!" के उद्घोष से वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगाँठ पर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150वीं वर्षगाँठ पर प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में, शब्या पटेल (आईक्यूएसी प्रभारी), यूके बरिहा (प्राध्यापक नोडल एवं कार्यक्रम अधिकारी) तथा डॉ. चंद्रिका चौधरी (साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी) के मार्गदर्शन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की



ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं महत्ता के बारे में सारगर्भित वक्तव्य दिया। भारत की आजादी में यह गीत बहुत महत्वपूर्ण था। इस गीत को सबसे पहले 1896 में गया गया था। यह गीत हमें भारत माता के प्रति प्रेम सिखाता है। वंदे मातरम को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया गया था। वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम (7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक) के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ ने किया।

## दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगर के बाजार पारा वार्ड 11 में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह में नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति से इसे ऐतिहासिक बना दिया।

विधायक यादव ने समारोह में मौजूद नागरिकों का अभिवादन किया और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने



कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है, और यह पर्व हमारे जीवन में नई आशा और उन्नति का संचार करता है। हमें यही सिखाता है कि चुनौतियों के बावजूद हम सभी एकजुट होकर आगे बढ़ें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भूपेंद्र ठाकुर (ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा), देवेश साहू (उपाध्यक्ष नगर पालिका बागबाहरा), जुगराज बघेल ( पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा), बसंती योगेश बघेल (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बागबाहरा), योगेश बघेल (मंच संचालक), सविता दीवान (पार्षद वार्ड नंबर 1), पुखराज साहू (पार्षद वार्ड नंबर 8), कृष्णा हरपाल (युवा पत्रकार), दयाराम महानंद (दपूमरे रायपुर मंडल), लक्ष्मण बजाज (वरिष्ठ नागरिक), प्रकाश मोरियानी (वरिष्ठ नागरिक), अमिताभ जैन (वरिष्ठ नागरिक), गंगाराम यादव (वरिष्ठ नागरिक), रूपचंद (वरिष्ठ नागरिक), पारस कुमार (वरिष्ठ नागरिक), हबेलाल यादव (वरिष्ठ नागरिक), मदन देवांगन (वरिष्ठ नागरिक), किशन भाई (वरिष्ठ नागरिक), बल्लू पांडे (वरिष्ठ नागरिक), श्यामलाल डोंगरे (वरिष्ठ नागरिक) सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय सर्व धर्म प्रार्थना सभा एवं वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत गायन के लिए स्काउट गाइड रवाना

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार रात्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं वन्देमातरम गीत के 150 वीं वर्षगांठ एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75वीं स्थापना दिवस पर इंडोर स्टेडियम रायपुर में शामिल होने महासमुन्द जिला से 520 स्काउट गाइड एवं उनके प्रभारी शिक्षक रवाना हुए। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में छग प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री शामिल होंगे। जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर के मार्गदर्शन में स्काउट गाइउ रवाना हुए। स्काउट गाइड को संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन स्काउट कमिश्नर विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक एवं मुख्यालय आयुक्त नंदकिशोर सिन्हा, स्थानीय संघ के अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर, पूर्व डीओसी स्काउट कमल लुनिया, जिला मीडिया प्रभारी तुलेंद्र सागर, रोवर भूपेंद्र साहू, प्रेम पटेल, रोवर भूपेंद्र, स्काउटर गाइडर उपस्थित थे। जिला संघ के समस्त पदाधिकारियों ने स्काउट गाइड को स्थापना दिवस एवं सर्व धर्म प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए हर्ष जताया। जिसमें संघ के जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष जय पवार, अशोक अग्रवाल, सौरिन चंद्रसेन, सुधा साहू, गाइड कमिश्नर अमी रूफस शामिल है।

# खेल सिर्फ मैदान तक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है : प्रकाश

## ग्राम अंकोरी में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ, अतिथियों ने महोत्सव के उद्देश्य व महत्व को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत अंकोरी में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ उत्साह, जोश और देशभक्ति के माहौल में हुआ। कार्यक्रम में जनपद सभापति एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, विधायक प्रतिनिधि खोलबाहरा निराला, भाजपा मंडल महामंत्री प्रहलाद साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद विशाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया, जिसके पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीयूष ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए सांसद खेल महोत्सव के उद्देश्य, महत्व और ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जितेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, एकता



और नेतृत्व का भाव जगाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से निष्पक्षता और टीम भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक एकता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया-हिट इंडिया' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह महोत्सव एक सशक्त पहल है।" इस प्रेरणादायी पहल के लिए महासमुंद क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का साधुवाद करते हुए आभार जताया। जिन्होंने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का यह सशक्त मंच प्रदान किया है।

पूरा कार्यक्रम उत्साह, देशभक्ति और युवा जोश से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अंकोरी शासकीय विद्यालय के प्राचार्य यज्ञराम सिदार ने किया। इस अवसर पर अंकोरी सरपंच मिश्रा दीप, गढ़फुलझर सरपंच हरप्रीत कौर हरजू, कायतपाली सरपंच गीता यादव, देवरी सरपंच सुरेश कोसरिया, कुदारीबाहरा सरपंच प्रफुल्ल साव, सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साव, राजेश कुमार साहू, देवानंद साहू, हीरालाल साहू, महेन्द्र प्रधान, मोहनलाल डड़सेना, भूमिसूता प्रधान, केदार पटेल, सुंदरमणि मिश्रा, मुरली नायक सहित अनेक नागरिक, शिक्षकगण, खेल प्रशिक्षक, जपं के अधिकारी-कर्मचारी, पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली में लक्ष्मण ने दिया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार द्वारा ट्रेनर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एक्सपीरियंशियल लर्निंग टूल्स कोर्स का प्रशिक्षण इंस्टिट्यूट ऑफ़ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट नई दिल्ली में रखा गया था। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी प्रशिक्षक के तौर पर सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ग़ौरतलब हो कि लक्ष्मण मानिकपुरी स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ से प्रथम व्यक्ति



हैं जिन्होंने किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्था में डीओपीटी के किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के तौर पर अपनी सेवाएं दी हैं। लक्ष्मण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक हैं। इस प्रशंसनीय कार्य पर छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नारायण चौधरी, प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, शोभा सिंह देव, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू, अर्चना तिवारी, जिला सचिव नंद कुमार साहू, विजय प्रधान, लालजी साहू, सादराम अजय, नरेश पटेल, प्रदीप वर्मा, पवन साहू, खिलावन वर्मा, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, ईश्वरी साहू, मोहन साहू, केवल साहू सहित छग टीचर्स एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मृत्यु के बाद मेडिकल कॉलेज को देहदान

**महासमुंद।** संत रामपाल महाराज के आध्यात्मिक ज्ञान से प्रेरित होकर भगत बिशाल दास ग्राम पथरी जिला गरियाबंद का मृत्यु उपरांत उसकी मृत शरीर को शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद को देहदान किया गया। जिसमें शासकीय मेडिकल कालेज के स्टाफ डॉ. रेणुका गहने, डॉ. अवंतिका ठाकुर, डॉ. कुंजबिहारी के अलावा अन्य स्टाफ और महासमुंद ब्लॉक सेवादार कौशल दास, कुबेर दास, जीतराम दास, शिव दास, अशोक दास, भुनेश्वर दास, डिगेश दास, मदन दास आदि मौजूद रहे।

### दिशा की बैठक 13 को

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार 13 नवंबर 2025 को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष विपणन संघ कार्यालय महासमुंद तथा जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में संचालित होगा। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के रूप में सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव को नियुक्त किया गया है।

### समस्या का तुरंत समाधान करें: मोती

**पिथौरा (ग्रामीण)।** जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी मोती



जांगड़े ने राज्य सरकार से सोसायटी ऑपरेटर एवं प्रबंधकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समितियों के ऑपरेटर और प्रबंधक पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं, जिससे आगामी धान खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जांगड़े ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, लेकिन इसी बीच समिति संचालकों का हड़ताल पर चले जाना गंभीर चिंता का विषय है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**नर्रा।** कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को नर्रा सहित आसपास गांवों में श्रद्धालुओं ने तीन बजे से नदी तालाब घाटों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाकर स्नान किया। वही दीप दान कर कार्तिक भगवान की जयघोष के नारे लगाए। महिला व युवतियों ने उपवास रखकर नारियल, अगरबत्ती, फूल पान अर्पित किए।

## आयोजन: गांव की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति

# सिर्री पठारीमुड़ा में उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुई सुआ नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विकासखंड के ग्राम पंचायत सिर्री पठारीमुड़ा में पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सुआ नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। पठारीमुंडा में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण संस्कृति और लोक परंपरा की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक और राम चंद्राकर रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से किया गया, जिसके पश्चात रंगारंग सुआ नृत्य प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। महासमुंद जिला पंचायत सभापति रवि साहू और जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार एवं पंचायत की सरपंच भानमति संतोष ध्रुव, हेमंत साहू, कौशल साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंच संचालन में सक्रिय



भूमिका निभाई और अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा सुआ नृत्य, जो छत्तीसगढ़ की लोक कला और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक माना जाता है। दीपावली पर्व पर महिलाएं समूह में सुआ गीत गाते हुए इस नृत्य को प्रस्तुत करती हैं, जिसमें तोते के माध्यम से प्रेम, प्रकृति और जीवन के विविध रंगों की अभिव्यक्ति होती है। सिर्री पठारीमुंडा की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में जब सुआ गीत की ताल पर नृत्य किया तो पूरा वातावरण लोक-संवेदना से गूंज उठा। कार्यक्रम में जय शिव शक्ति महिला समूह की विशेष भूमिका रही। समूह की अध्यक्ष केसरी दीवान, मथुरा बाई दीवान, संतोषी दीवान, गोकुल दीवान सहित सभी सदस्यों ने मंच संचालन और व्यवस्थापन में सहयोग देते हुए आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, जिला पंचायत सदस्य रवि फड़ोदिया, प्रीतम पटेल, नेमीचंद यादव, लक्ष्मण यादव, हरक दीवान, थानसिंह दीवान, परसराम दीवान, टिकेश्वर, कन्हैया एवं केवल पटेल सहित ग्राम के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता दलों को पुरस्कृत किया गया। सुआ नृत्य में प्रतिभागी महिलाओं को सम्मान स्वरूप पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से लोकगीत गाकर उत्सव का आनंद लिया। क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों, महिला समूहों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

# बैकुंठ चतुर्दशी पर हरिहर मिलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

बैकुंठ चतुर्दशी पर नगर के प्रबुद्धजनों, श्रद्धालुओं द्वारा हरिहर मिलन का आयोजन किया गया। जिसके तहत श्रद्धालु महिला-पुरुषों, बच्चों व अन्य द्वारा भगवान से बैकुंठ में स्थान देने व सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। इस शुभ अवसर पर ब्लाक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में हरिहर मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान विष्णु और शिवजी की विशेष पूजा का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हर वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी को नगर सहित अंचल के मंदिरों में विशेष आयोजन किया जाता रहा है।

### बैकुंठ चतुर्दशी का महत्व

शिव मंदिर के पुजारी पं. मोती महाराज ने बताया कि धर्मिक मान्यता के अनुसार देवउठनी ग्यारस के दिन भगवान विष्णु निंद्रा से जागते है और बैकुंठ चतुर्दशी के बाद भगवान भोलेनाथ उन्हें ब्रम्हांड की सत्ता सौंप कर कैलाश चले जाते हैं। इसके बाद भगवान विष्णु कार्यभार संभालते है। माना जाता है कि इस दिन शिव और विष्णु भगवान की पूजा से स्वर्ग के द्वार

### शिव मंदिर में हरिहर मिलन पर हुआ पुष्पवर्षा

ब्लाक कालोनी स्थित शिव मंदिर में जैसे ही हरिहर मिलन हुआ। जयकारे के बीच पुष्पवर्षा की गई। इस अनूठे आयोजन का आकर्षण भगवान श्रीहरि और हर यानी शिव थे। हरि विष्णु को सृष्टि का संचालन राजसत्ता सौंपने पहुंचे। पंडितों ने सत्ता सौंपने की रस्म अदायगी करते हुए भगवान शिव को बेल पत्र की माला भगवान विष्णु को तुलसी की माला पहनाई।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जिले में 5360 नए गैस कनेक्शन देने का लक्ष्य

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना (3.0) के अंतर्गत भारत सरकार, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नए गैस कनेक्शन जारी किए जाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया हैं। इसी क्रम में महासमुंद जिले को कुल 5360 नए उज्जवला गैस कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य के अनुरूप जिले की सभी गैस एजेंसियों को लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के सभी पात्र परिवारों से आवेदन पत्र आगामी सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लिए जाएं। आवेदन के साथ केवाईसी आवेदन पत्र, पहचान प्रमाण, निवास प्रमाण, राशन कार्ड की छायाप्रति, आवेदक एवं परिवार के वयस्क सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण तथा अपवंचन घोषण/स्व-घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी आवेदक दो विभिन्न गैस एजेंसियों में आवेदन न करे, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े। गैस एजेंसियों में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं सत्यापन कर नए गैस कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने समस्त पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्राप्त कर उन्हें संबंधित ऑयल कंपनियों को प्रेषित करें।

# वार्ड 16 में नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 16 में शीतला मंदिर के पास सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर के साथ पार्षदों व नागरिकों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हम प्रतिबद्ध है।

सीसी रोड बनने से वार्डवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के दृढ़ संकल्प से शहर का सतत विकास हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख



रूप से पार्षदगण भाऊ राम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, जय देवांगन, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पूर्व पार्षद विष्णु चंद्राकर, गुलशन साहू, अजय साहू, प्रमोद साहू, जनक साहू, शत्रुघन यादव, भागवत ढीमर, आशीष धीवर व वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# आशीबाई स्कूल में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लिखे गए 150 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने अध्यक्षता की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, महेंद्र सिक्का, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित थे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि येतराम साहू ने कहा कि वंदे मातरम गीत ने उस समय देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने तथा देश सेवा के लिए तत्पर करने का काम किया था। संदीप दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम हमारा ना केवल राष्ट्रीय गीत है, बल्कि अखंड भारत का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा कि वंदे मातरम गीत मातृभूमि के प्रति प्रेम उत्पन्न करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि आज से 150 साल पहले 7 नवंबर 1876 को बं कि म चं द्र चट्टोपाध्याय ने इस गीत की रचना की थी, जिसे 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार गाकर सुनाया था। कार्यक्रम में सभी अतिथियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन, देवेंद्र कुमार शर्मा, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, दुर्गेश नंदिनी यदु, नोबल ध्रुव, खेमलता कंवर, चंद्रशेखर मिथलेश सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



### छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव के मुख्य मंच पर शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की छात्राओं ने शाला के सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी के निर्देशन में लगातार दो दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पहले दिन छात्राओं ने पारंपरिक लोक नृत्य तथा समापन समारोह में छत्तीसगढ़ी गीतों के राजा कहे जाने वाले ददरिया गीत पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसे अतिथियों तथा उपस्थित लोगों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। राज्योत्सव जैसे गरिमामयी मंच पर छात्राओं के शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत करने पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, प्राचार्य जीआर सिन्हा, सदस्य गण अरूणा शुक्ला, नीलम दीवान, रितेश गोलछा, अनुज पांडेय, आनंद गिरि, हरवंश सिंह ढिल्लो, महेश मक्कड़, सुनीता देवांगन, सीता डोंडेकर आदि ने हर्ष जताया है।

### मतदाता सूची कार्य और एसआईआर मॉनिटरिंग की निगरानी करने की अपील की

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि देश में अगर



किसी पार्टी ने आम जनता के मताधिकार की रक्षा करने वाली है तो वह कांग्रेस पार्टी है। एसआईआर देशभर में वोटिंग में गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का अहम उपकरण है, कांग्रेस को देश की आम आदमी की लड़ाई हमेशा लड़ती आ रही है। रश्मि ने विधायक पूर्व विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व प्रत्याशियों सहित जिले के सभी कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, आदिवासी कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस और सभी प्रकोष्ठ सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ता बूथ एजेंट से अपील करते हुए कहा कि सबको अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची कार्य और एसआईआर मॉनिटरिंग की निगरानी करते हुए सतर्क रहने कहा है।

### विकासखंड के सभी स्कूलों में वंदे गान महोत्सव मनाया

**महासमुंद।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्षगांठ पर विकासखंड महासमुंद के सभी शालाओं में वंदे गान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पूरे छह अंतरों का सामूहिक गायन किया गया, जिससे विद्यालय प्रांगण देशभक्ति और उत्साह के भाव से गुंजायमान हो उठा। इसी दिन जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला परसकोल में विशेष नेवता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को आज पूड़ी, खीर, आचार, सलाद, पापड़, केला, चावल, दाल, सब्जी और मिठाई का वितरण किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को बनाए रखने तथा समुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। लहरे ने अपने जन्मदिन को समाज के प्रति समर्पित करते हुए विद्यालय के बच्चों को पेन, कॉपी, पहाड़ा पुस्तिका तथा कलर सेट बॉक्स वितरित किए। उन्होंने कहा कि "विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण भोजन और शिक्षा, दोनों ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा नंदकिशोर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक इंदिरा प्रधान, सहायक शिक्षक मंजू पटेल, ग्राम की सरपंच प्रमिला ध्रुव, पंच दिलीप, विमला कोसरे, एमसी के अध्यक्ष सूरज धीवर, छात्राध्यापक आशीष सागर आदि मौजूद रहे।

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 से

## 182 धान उपार्जन केंद्रों के लिए 74 नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले की सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 15 नवंबर 2025 से किया जाएगा। शासन के मंशानुरूप धान खरीदी केंद्रों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के साथ-साथ उपार्जित धान के भुगतान के लिए आवश्यक राशि, बारदाने एवं परिवहन की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों के लिए जिला एवं अनुविभागीय स्तर के कुल 74 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी अपने-अपने आबंटित केंद्रों में शासन द्वारा निर्देशित सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और तैयारी सुनिश्चित करेंगे। धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व नोडल अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार सभी प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही धान खरीदी अवधि के दौरान प्रति सप्ताह एक बार निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया का सही क्रियान्वयन, केंद्रों में धान स्टॉक तथा नए-पुराने बारदाने का सत्यापन करेंगे तथा संबंधित जानकारी निर्धारित पत्रक में जिला कार्यालय को भेजेंगे। जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में धान उपार्जन की स्थिति से अवगत कराना होगा। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में नोडल अधिकारियों के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

# देवदास बंजारे स्मृति पंथी राज्य अलंकरण पुरस्कार से रोहित हुए सम्मानित

## जिला के सामाजिक पदाधिकारियों ने जाहिर की प्रसन्नता, छात्रों के साथ पंथी नृत्य की शुरुआत की थी

**महासमुंद।** जिला के पिलवा पाली पंथी नृत्य टोली के संचालक रोहित कोसरिया को इस साल की देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य राज्य अलंकरण पुरस्कार उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया।

रोहित कोसरिया ने 1999 में पढ़ने वाले छात्रों के साथ विद्यार्थी पंथी नृत्य टोली पिलवापाली की निर्माण की थी, जो कि 2005 में नाम बदलकर नवा बिहान लोक कला मंच रखा गया। जिसके माध्यम से गांव गांव जयंती कार्यक्रम में प्रस्तुति देते रहे। बाद में अपने कार्यक्रम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के सभी महोत्सव, राज्य स्थापना दिवस, प्रदेश के सभी जिला, संभाग व ब्लॉक स्तरीय में सैकड़ों कार्यक्रम प्रस्तुति देकर भोपाल, मध्य प्रदेश, इंदौर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़,



प्रगति मैदान, कटक, उड़ीसा, भुवनेश्वर, दिल्ली प्रगति मैदान, दिल्ली परेड ग्राउंड, राज्य पथ दिल्ली, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, पंजाब, विशाखापटनम, जयपुर, नागालैंड, दार्जिलिंग सहित देश के बड़े-बड़े शहरों व हिंदुस्तान के सभी बड़े महोत्सवों में छत्तीसगढ़ लोक कला संस्कृति को भी बिखेरने का कार्य किया गया।

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता राजमहंत पीएल कोसरिया, एस आर बंजारे, नुतन कुर्रे, गिरवर वारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला उपाध्यक्ष, खोशिल गेंड्रे, जिला सचिव रेखराज बघेल, घनश्याम जांगड़े, राजेश रात्रे, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुमारी भास्कर, सरायपाली से श्याम लाल बारिक, चंदन गुरुजी, मुरलीधर बारिक, मोहित रात्रे, पाल सिंह बंजारे, डॉ जांगड़े, सुकलाल रात्रे, बसना से रतन बंजारे, अभय घृतलहरे, गौतम घृतलहरे, ईश्वर भारतद्वाज, बाबूलाल कुर्रे, रामलाल लहरे, पिथौरा से पुरुषोत्तम घृतलहरे, तरुवर कोसरिया, राजेन्द्र मारकंडेय, सेतलाल खुंटे, सहदेव घृतलहरे, बागबाहरा से चिंता साय, महेंद्र बंजारे, महासमुंद से चित्रकुमार भारती, गणेश टंडन, फनेंद्र बंजारे आदि शामिल हैं।

